हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 7 नवंबर 2025
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 नवपदस्थ एसपी से सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों की भेंट



## खबर संक्षेप

### नई जगह पर ज्वाइन नहीं किया, पटवारी निलंबित

**राजपुर।** भारमुक्त किए जाने के बाद भी नवीन पदस्थापना स्थल पर ज्वाइनिंग नहीं देने वाले पटवारी के खिलाफ कलेक्टर ने कड़ी कार्रवाई की है। लापरवाही और स्वेच्छाचारिता के लिए कलेक्टर ने पटवारी पप्पू सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि जिला कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख शाखा द्वारा जारी आदेश के अनुसार तहसील राजपुर में पदस्थ पटवारी पप्पू सोनी 6 अक्टूबर के आदेश से तहसील सामरी में पदस्थ किया गया था। स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद 9 अक्टूबर को पटवारी पप्पू सोनी को राजपुर से विधिवत भारमुक्त भी कर दिया गया था। बावजूद इसके उन्होंने 4 नवम्बर तक अपने नवीन पदस्थ स्थान सामरी में कार्यभार ग्रहण नहीं किया। अधिकारियों ने इसे वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की स्पष्ट अवहेलना माना है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि श्री सोनी का यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3(1), 3(2) एवं 3(3) का उल्लंघन है। अतः नियमों के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9(1)(क) के अंतर्गत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान श्री सोनी का मुख्यालय तहसील कार्यालय कुसमी निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

### शिक्षकीय कार्य में लापरवाही पर सहायक शिक्षक निलंबित

**वाड्रफनगर।** स्कूल में बच्चों की पढ़ाई के मामले में लापरवाही करने वाले सहायक शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच के बाद सहायक शिक्षक सुनील कुमार पटेल को निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला धनजरा में पदस्थ सहायक शिक्षक सुनील कुमार पटेल के खिलाफ शिकायत की गई थी कि वे बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने के साथ ही कार्य में घोर लापरवाही बरत रहे है। शिकायत के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने बीईओ वाड्रफनगर को मामले की जांच के निर्देश दिए थे। जांच प्रतिवेदन के अनुसार सुनील कुमार पटेल के विरूद्ध अधिरोपित आरोपों की पुष्टि हुई एवं संस्था में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक गुणवत्ता स्तर काफी कम होना पाया गया है। सुनील कुमार पटेल द्वारा पदीय दायित्व के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरती गई है जिसके लिए सुनील कुमार पटेल का छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम- (1) (2) (3) के विपरीत होने से छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 (क) के तहत जिला शिक्षा अधिकारी एमआर यादव द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री पटेल का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रामचन्द्रपुर में निर्धारित किया गया है।

### दुकान का ताला तोड़कर नकदी व बाइक की चोरी

**अंबिकापुर।** शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बेखौफ होकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है। बीती रात भी चोरों ने शहर के ब्रम्ह रोड में एक ऑटो डील दुकान में बाइक व नगदी की चोरी की है। बताया जा रहा है कि शहर के ब्रम्ह रोड में सरफराज अहमद की ताहिर ऑटो डील के नाम से पुरानी बाइक की दुकान है। मंगलवार को सरफराज की दुकान बंद थी। बुधवार की सुबह जब वे दुकान पहुंचे तो ताला टूटा हुआ था। इस दौरान सीसीटीवी कैमरे में कुछ चोर कैद हुए है। चोर लगभग 1.40 बजे दुकान में पहुंचे और ताला तोड़कर अंदर घुसे। लगभग एक घंटे तक चोर आस पास घुमते रहे और एक बाइक के साथ ही 70 हजार रुपए नगद लेकर फरार हो गए। इस क्षेत्र में चोरी का यह पहला मामला नहीं है।

### मेहनत की कमाई पर फिरा पानी, प्रमुख पैदावार है धान की फसल

# केनापारा के किसान बोले- बारिश से 3 एकड़ धान की फसल खराब



बारिश से खराब हुई फसल।



फसल समेटते किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में बीते दिनों हुई कुछ दिनों की बारिश के कारण किसानों के उम्मीदों की फसल पर पानी फिर गया। इस वर्ष अच्छी मानसूनी बारिश के बाद जिले भर में खरीफ की प्रमुख धान की फसल के अच्छी उत्पादन की उम्मीद बंधी थी। अच्छी बारिश के कारण इस वर्ष जिलेभर में धान की बंपर पैदावार की उम्मीद थी, फसलों में धान की अच्छी बालियां लगी थी, लेकिन अंतिम समय में हुई कुछ दिनों की बारिश के कारण पकी धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा। इस तरह अच्छी फसल की उम्मीदों पर बीते दिनों की बारिश उम्मीदों की फसल पर पानी फेर दिया। जानकारी के अनुसार इस वर्ष समय पर मानसून सक्रिय हुआ और कई किसानों के द्वारा शुरूआत में ही धान की बोराई की शुरूआत कर दी और समय पर धान की रोपाई भी कर दिए। अर्ली वैराईटी के धान अपने निर्धारित समय पर पक्कर तैयार हो गया और किसानों के द्वारा तैयार पके धान फसल की कटाई की शुरूआत कर दी थी और इसी बीच मौसम में आए अचानक बदलाव से चार-पांच दिनों तक बारिश रूक-रूक कर होती रही, इससे खेतों में काटकर छोड़े गए धान की फसल के साथ खलिहान में ले जाकर रखे गए धान की फसलों में ⏭शेष पेज 4 पर

#### जिलेभर के किसानों को हुआ नुकसान

बीते दिनों हुई बारिश के बाद जिले के कई क्षेत्रों में शुरूआत दौर में कटाई कर खेतों में छोडे गए एवं खलिहान में जमा किए गए धान के फसलों को भारी नुकसान हुआ हैं। पीड़ति किसानों ने फसल क्षतिपूर्ति की मांग की है। जिले के कुछ क्षेत्रों के किसानों ने बताया कि उनके शुरूआत दौर की कटाई वाले धान बारिश में बर्बाद हो गया, लेकिन अब तक सरकारी तौर पर क्षति का आंकलन नहीं किया गया है। पीड़ति किसानों ने कहा कि उन्हें फसल क्षतिपूर्ति प्रदान की जाए।



# अग्रवाल और सिंधी समाज के लोग ज्ञापन देने थाने पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ विवादित बयान पर कार्रवाई की मांग

अग्रवाल महासभा कोरिया एवं पूज्य सिंधी पंचायत बैकुंठपुर कोरिया द्वारा नेता छग क्रांति सेना के विरूद्ध धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले बीते दिनों दिए बयान को लेकर पुलिस को ज्ञापन सौंपकर आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में उग्र आंदोलन करने की भी चेतावनी दी गई।

अग्रवाल महासभा कोरिया द्वारा पुलिस अधीक्षक कोरिया के नाम सिटी कोतवाली में ज्ञापन सौंपा। इसमें उल्लेख किया गया है कि नेता छग क्रांति सेना के अमित बघेल द्वारा 26 अक्टूबर को मीडिया में दिए बयान में अग्रवाल समाज के भगवान श्रीराम जी के वंशज समाजवाद एवं समरसता के प्रणेता महाराज अग्रसेन के विरूद्ध अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए जानबूझकर टिप्पणी की गई। इस तरह के बयान से समाज के लोग आहत है। इसके चलते आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विधि सम्मत कार्यवाई की मांग की अन्यथा समाज उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान समाज के सुदीप अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, निलेश अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, रितेश अग्रवाल समेत अन्य उपस्थित रहे। वहीं इसी अमर्यादित बयान को लेकर पूज्य सिंधी पंचायत बैकुंठपुर के द्वारा भी सिटी कोतवाली प्रभारी बैकुंठपुर को ज्ञापन सौंपकर आरोपी अमित बघेल के विरूद्ध अपराध दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया कि सिंधी समाज के आराध्य देवता झूलेलाल जी के प्रति अमित बघेल के द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए सिंधी ⏭शेष पेज 4 पर

# पूर्व मेयर बोलेः मास्टर प्लान के अभाव में उजड़ रहा है शहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

■ चिरमिरीवासियों को स्थायी पट्टा दिलाने की लड़ाई जारी

पूर्व महापौर एवं जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष के. डोमरू रेड्डी ने कहा कि मास्टर प्लान के न होने के कारण चिरमिरी जैसे बसे-बसाए शहर को अस्तित्व संकट का सामना करना पड़ रहा है, और नागरिक अपने आशियाने को बचाने की जद्दोजहद में लगे हुए हैं।

पूर्व महापौर ने अपने कार्यकाल का स्मरण करते हुए कहा कि नियमों में समाधान खोजकर उन्होंने शहरवासियों के घरों को स्थायी प्रमाण देने की दिशा में संघर्ष किया, तथा मुख्यमंत्री स्तर पर संवाद स्थापित कर योजनाबद्ध कार्ययोजना बनाई। कोयला क्षेत्रों की उत्पादित जमीनों का राजस्व सर्वे कराकर रिकार्ड तैयार कराया, शासकीय योजनाओं से जोड़कर लोगों को पट्टा दिलाया और कई पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने में सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि सत्ता में न होते हुए भी चिरमिरी शहर को बचाने की मुहिम आज भी उसी दृढ़ता से जारी है। अब तक जिले के सभी कलेक्टरों से मुलाकात कर वे मामले को बार-बार उठाते रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने हाल ही में एमसीबी जिले के अपर कलेक्टर एवं कलेक्टर प्रतिनिधि अनिल सिदार से जनदर्शन में मुलाकात कर कलेक्टर डी. वेंकट राहुल के नाम फिर एक पत्र सौंपा है।

⏭शेष पेज 4 पर

#### श्री रेड्डी की प्रमुख मांगे

चिरमिरीवासियों को स्थायी पट्टा दिलाने के लिए लंबित प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए। अपने महापौर कार्यकाल से अब तक हर कलेक्टर से मिलकर लगातार प्रयास करते रहे, परंतु कार्रवाई अधूरी है। एसईसीएल की 2.94 हेक्टेयर लीज भूमि चिन्हित कर वापस लेने का प्रस्ताव कलेक्टर कार्यालय में लंबित, इसे जल्द निपटाया जाए। शहर के स्थायित्व और नागरिकों के अधिकारों के लिए दीर्घकालिक, योजनाबद्ध नीति बनाई जाए।

# सरपंच लामबंद, पंचायतों में ठप पड़े विकास कार्यों को लेकर सौंपे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

■ पूर्व विधायक ने सरकार पर साधा निशाना

एमसीबी जिलेभर की ग्राम पंचायतों में ठप पड़े विकास कार्यों को लेकर गुरूवार को सरपंचों ने एकजुट होकर मोर्चा खोल दिया। लंबे समय से रूके हुए ग्राम पंचायतों के कार्यों और वित्तीय अनुदानों की देरी से वितरण के विरोध में जिले के सभी सरपंचों ने कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ को सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा।



सरपंचों ने ज्ञापन में मांग की कि ग्राम पंचायतों में मूलभूत विकास कार्यों जैसे नालियों का निर्माण, पेयजल व्यवस्था, सड़क मरम्मत, आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण और स्वच्छता कार्यों को शुरू किया जाए। साथ ही 15 वें वित्त आयोग की राशि, संस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए निधि, और मनरेगा के लंबित कार्यों को शीघ्र स्वीकृति देने की भी मांग रखी। सरपंचों ने कहा कि पंचायतों में महीनों से कोई कार्य नहीं हो रहा है, जिससे ग्रामीणों में भारी असंतोष है। इस मौके पर सरपंचों की मांगों को जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, सदस्य उजित नारायण सिंह और रामजीत लकड़ा (भगत बाबू) ने समर्थन दिया। तीनों प्रतिनिधियों ने कहा कि ग्राम पंचायतों में विकास ठप पड़ना चिंताजनक है और प्रशासन को तत्काल निधियों का वितरण सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि जनहित के कार्य गति पकड़ सकें।

#### पूर्व विधायक का सरकार पर हमला

ज्ञापन सौंपे जाने के बाद भरतपुर-सोनहत के पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने मौजूदा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को दो वर्ष होने को हैं, लेकिन आज तक ग्राम पंचायतों में कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ। सरकार बताए कि विकास का पैसा आखिर गया कहां। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी और वे विधायक थे, तब भरतपुर-सोनहत के प्रत्येक ग्राम पंचायत में काम होता था। आज डबल इंजन सरकार होने के बावजूद ग्रामीण इलाकों में विकास कार्य पूरी तरह ठप हैं।

# सेजस स्कूल में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत गुरूवार को सेजस स्कूल मनेन्द्रगढ़ में बाल दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायी एवं सृजनात्मक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की थीम हर बालिका राष्ट की पूंजी तथा कहानी लेखन प्रतियोगिता का विषय मेरे सपनों का भविष्य रखा गया, जिसके माध्यम से बालिकाओं को अपने विचारों, आकांक्षाओं और सपनों को अभिव्यक्त करने का अवसर मिला। यह कार्यक्रम जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला मिशन समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा द्वारा किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के मन की बातों को जानना, उनके आत्मविश्वास को सशक्त बनाना तथा उन्हें अपने सपनों को साकार करने की दिशा में प्रेरित करना था। इस अवसर पर प्राचार्या रामासरिया शर्मा, शिक्षक इरफान खान आदि उपस्थित रहे।



# प्राचीन संकटमोचक हनुमान मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

■ मतीन दिवसीय मेला बना आस्था का केन्द्र

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ से लगभग 10 किमी दूर ग्राम सिरौली में स्थित प्राचीन संकटमोचक हनुमान मंदिर में इस वर्ष भी कार्तिक मास के अवसर पर तीन दिवसीय भव्य मेले का आयोजन किया गया है।

यह मेला 5 से प्रारंभ होकर 7 नवंबर तक चलेगा। पहले ही दिन से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह से ही मंदिर परिसर में जय बजरंगबली के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा है। माना जाता है कि सिरौली स्थित यह हनुमान मंदिर अत्यंत प्राचीन और सिद्ध स्थल है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना अवश्य पूरी होती है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आसपास के गांवों के साथ-साथ दूरस्थ क्षेत्रों अंबिकापुर, अनूपपुर, शहडोल और बिलासपुर आदि से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु हनुमान जी के दर्शन करने सिरौली पहुंच रहे हैं। मेले में धार्मिक माहौल के साथ-साथ सांस्कृतिक और मनोरंजन की झलक भी देखने को मिल रही है। मंदिर प्रांगण और आसपास अस्थायी दुकानों की लंबी कतारें सज गई हैं। बच्चों के लिए झूले, खिलौने, गुब्बारे और मिठाइयों की दुकानें आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं, वहीं बड़े-बुजुर्ग पूजा-अर्चना ⏭शेष पेज 4 पर

### मनेन्द्रगढ़ में स्वच्छता व्यवस्था की खुली पोल

# स्टेशन मार्ग में फैली गंदगी, प्रशासन की लापरवाही का जीवंत उदाहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में स्वच्छता व्यवस्था की पोल एक बार फिर खुलकर सामने आ गई है। रेलवे स्टेशन से लेकर राजस्थान भवन तक का पूरा मार्ग गंदगी के ढेर से अटा पड़ा है।

मुख्य सड़क के दोनों ओर फैली गंदगी, कचरे के ढेर, सड़क किनारे जमा प्लास्टिक, पान-गुटखा के दाग और नालियों की दुर्गंध क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर रही है। आश्चर्यजनक है कि यह मार्ग शहर का प्रमुख प्रवेश द्वार है, जहां से रोज हजारों लोग गुजरते हैं फिर भी सफाई अभियान का कहीं कोई नामोनिशान नहीं दिखता। रेलवे स्टेशन शहर का चेहरा होता है, लेकिन मनेन्द्रगढ़ रेलवे स्टेशन से बाहर निकलते ही यात्रियों का सामना गंदगी से होता है, जो पहली ही नजर में नकारात्मक छवि बनाती है। राजस्थान भवन तक का रास्ता प्रशासन की लापरवाही का जीवंत उदाहरण बन चुका है। कई दिनों से जगह-जगह कचरा जमा है, इससे दुर्गंध फैल रही है और लोगों को राह चलना मुश्किल हो रहा है। सड़क किनारे दुकानें व आवास होने के बावजूद सफाई कर्मियों की तैनाती और निगरानी का अभाव साफ दिखाई देता है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों का कहना है कि शहर में स्वच्छता को लेकर किए जा रहे दावों का सच्चा चेहरा इसी मार्ग पर साफ नजर आता है। यहां न तो नियमित सफाई होती है और न ही कचरा उठाने की पुख्ता व्यवस्था दिखती है। नगर निगम एवं रेलवे प्रशासन के बीच समन्वय की कमी साफ झलकती है। लोगों का कहना है कि स्वच्छता के नाम पर केवल कागजी कार्रवाई हो रही है, जबकि धरातल पर स्थिति बेहद बदतर है। बारिश होने पर यही कचरा नालियों में बहकर रूकावट पैदा करता है, जिससे जलभराव और बदबू की समस्या और गंभीर हो जाती है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत करोड़ों रूपए खर्च किए जा रहे हैं, पर शहर के मुख्य मार्ग की यह स्थिति जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के दावों को खोखला साबित करती है। शहर के युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इस क्षेत्र में जल्द सफाई शुरू करने की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि जल्द सफाई नहीं की गई, तो वे स्वयं जनअभियान चलाने को ⏭शेष पेज 4 पर



# आत्मानंद स्कूल की छात्राओं की चमकी प्रतिभा

■ प्रशासन ने प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों और स्कूलों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की कक्षा 5 वीं की छात्रा अतिफा नाज अंसारी और उनकी टीम का मनमोहक नृत्य जिसने मंच पर रंग जमा दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इसके बाद विभिन्न विद्यालयों और सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा छग की लोक संस्कृति, नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियां दी गइं, लेकिन जब आत्मानंद स्कूल की नन्ही कलाकारें मंच पर आईं तो पूरा प्रांगण तालियों की गूंज से भर उठा। अतिफा नाज अंसारी एंड ग्रुप ने छत्तीसगढ़ी और देशभक्ति की झलक से भरपूर एक आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया।



उनकी तालमेल, भाव भंगिमा और उत्साह देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए। कार्यक्रम में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी जनप्रतिनिधि और अभिभावकों ने बच्चों की इस प्रस्तुति की भूरि-भूरि प्रशंसा की। राज्योत्सव के इस मौके पर मंच से अतिफा नाज अंसारी और उनके ग्रुप को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### गुणवत्ता पूर्ण करे सड़क मरम्मत का कार्य : कलेक्टर



**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेते हुए विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा उनका समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन,पीएम आवास, स्वच्छता अभियान के तहत कचरा संग्रहण, घुमंतू मवेशियों के प्रबंधन, प्रधानमंत्री सूर्य योजना, पीएम किसान सम्मान निधि और शिक्षा की गुणवत्ता सुधार जैसे विषयों पर चर्चा की। सड़क मरम्मत कार्य को लेकर बैठक मे पीडब्ल्यूडी अभियंता व अन्य निर्माण एजेंसी के अभियंताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के साथ व गुणवत्ता पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि माप-तौल, परिवहन, भुगतान भंडारण और बारदाना व्यवस्था पूरी तरह व्यवस्थित होनी चाहिए। खरीदी केंद्रों में पेयजल, शौचालय और छायादार व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों को असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले, अपर कलेक्टर संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा, सभी एसडीएम व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में हुआ न्योता भोज



**वाड्रफनगर।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय की प्रधान पाठक श्रीमती निशि तिर्की ने 4 नवम्बर को अपने जन्मदिवस पर बच्चों व स्टॉफ को न्योता भोज दिया। न्योता भोज में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के 315 छात्र-छात्राओं सहित हाई और हायर सेकेण्डरी के विद्यार्थी एवं स्टॉफ शामिल हुए। इस दौरान मध्यान्ह भोजन के साथ ही श्रीमती तिर्की द्वारा अतिरिक्त पूरी और सब्जी उपलब्ध कराई गई। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भोज का आनंद लिया।

### खडगवा कला माझापारा में फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**प्रतापपुर।** खडगवा कला माझापारा में हीरो क्लब टूर्नामेंट फुटबॉल मैच का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ मैच मानपुर और खडगवा कला के बीच खेला गया। शक्कर कारखाना के पूर्व अध्यक्ष विद्यासागर आयाम मुख्य अतिथि एवं सुरेश चक्रधारी बीडीसी विशेष रूप से सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्या सिंह ने कहां खेल के प्रति हर किसी को गंभीर होना चाहिए। पहले के जमाने से अब तक लोग विभिन्न प्रकार के खेल के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखते हैं। खेल से अपने गांव के नाम सहित जिले का नाम भी रोशन होता है और एक खिलाड़ियों की अलग पहचान बनती है। खेल से मानसिक विकार दूर होते हैं और शरीर स्वस्थ रहता है। सरपंच अजय सिंह सभी टीमों को बेतरह खेल प्रदर्शन करने की बात कही।

### दो कर्मचारियों के घर से 500 बोरी अवैध धान जब्त

**अम्बिकापुर।** प्रशासन की सख्ती का असर कोचियों पर नहीं पड़ रहा है। प्रशासन की संयुक्त टीम लगातार छापामार कार्रवाई कर कोचियों द्वारा संग्रहित धान को जब्त कर रही है इसके बावजूद कोचिए लगातार यूपी एवं झारखण्ड से धान मंगा रहे हैं। क्षेत्र के किसान भी कोचियों की जमकर मदद कर रहे हैं। राजस्व एवं मंडी समिति की संयुक्त टीम ने रामानुजगंज तहसील अंतर्गत ग्राम कुंदरू एवं मेधुली में कोचियों के दो ठिकानों पर छापामार कार्रवाई के तहत 500 बोरी अवैध धान जब्त करने में सफलता पाई है। ग्रामीणों से मिली सूचना के आधार पर टीम ने ग्राम कुदरू निवासी रमाशंकर यादव के घर की जांच की तो घर के एक कमरे में 200 बोरी अवैध धान मिला। इसी तरह ग्राम मेधुली निवासी आलोक के घर से टीम ने 300 बोरी अवैध धान को जब्त किया है। दोनों कोचियों के विरूद्ध मंडी अधिनियम की कार्रवाई की गई है। इसके पूर्व मंगलवार को प्रशासन की संयुक्त टीम ने ग्राम चेरा निवासी बैजनाथ यादव के घर से 43 बोरी अवैध धान जब्त किया था। यूपी एवं झारखण्ड से कम दर में धान उपलब्ध होने के कारण कोचिए जंगल के रास्ते लगातार बाहर का धान मंगा रहे हैं।

## पुल पर कई जगह हो गए गड्ढे, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

# महान नदी पुल जर्जर, एक्सपायरी स्थिति में पुल पर हो रहा आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

भैसामुडा स्थित हाईवे पर बने महानदी पुल की स्थिति इन दिनों बेहद खतरनाक हो गई है। वर्षों से जर्जर हालत में पड़ा यह पुल अब किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। पुल के दोनों ओर और बीचों बीच बने गहरे गड्ढे न केवल यातायात के लिए खतरनाक हो गए है, बल्कि अब यह लोगों के धैर्य की भी परीक्षा लेने लगे हैं। पुल की जर्जर सड़क की मरम्मत नही करने से क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है।

**खास बातें**
- अंबिकापुर से वाराणसी को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित है पुल
- कगड्ढे और पुल की दरार से हर सप्ताह होती है दुर्घटनाएं

महान नदी पर बना यह पुल अंबिकापुर से वाराणसी को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित है, जिस पर दिन-रात बड़ी संख्या में वाहनों का निरंतर आवागमन बना रहता है। लगातार भारी दबाव और विभागीय लापरवाही के कारण पुल की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गड्ढों और पुल की दरारों के चलते लगभग हर सप्ताह दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कई लोग तो अपनी जान गंवा चुके हैं,जबकि दर्जनों घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग से शिकायत की और जनप्रतिनिधियों तक भी बात पहुंचाई गई है लेकिन इसके बाद भी विभाग इस ओर ध्यान मुनासिब नहीं समझते जिसका खामियाजा मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भुगतना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि हर बार औपचारिक मरम्मत के नाम पर मुरुम या गिट्टी डालकर खानापूर्ति कर दी जाती है। कुछ दिनों तक सड़क समतल दिखाई देती है, फिर वही गड्ढे और दरारें उभर आती हैं। पिछले दिनों हुई बारिश के बाद पुल पर गड्ढे व दरारे उभर आए है जो राहगीरों के लिए काफी खतरनाक है। दिन के समय वाहन सवार गड्ढों से बच कर निकल जाते है लेकिन रात के समय राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



जर्जर महान पुल व सड़क।

### अंतरराज्यीय संपर्क के लिए पुल महत्वपूर्ण

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यह मार्ग न केवल सूरजपुर व प्रतापपुर के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। ऐसे में इस पुल का जर्जर होना न केवल क्षेत्रीय यातायात बल्कि राज्य के अंतरराज्यीय संपर्क के लिए भी गंभीर खतरा है। ऐस में समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने से अंतर्राज्यीय संपर्क टूट सकता है।

#### करते है औपचारिकता पूरी

क्षेत्र के लोगों ने शासन प्रशासन से जल्द से जल्द पुल एवं सड़क मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल के किनारे बने गहरे गड्ढों को भरने की जगह, विभाग ने केवल गिट्टी डालकर औपचारिकता पूरी कर दी है। इसके अलावा सड़क पर बने गड्ढों में गिट्टी डालकर छोड़ दिया जाता है जिससे गिट्टी कुछ समय बाद सड़क पर फैल जाती है, जिससे बाइक और छोटे वाहन सवार दुर्घटना का शिकार हो जाते है। पूर्व में कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन अभी तक विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

#### अधिकारियों से करती हूं चर्चा

महान नदी पुल एवं सड़क के जर्जर हो जाने के संबंध में पीडब्ल्यूडी विभाग से चर्चा की जाएगी। साथ गड्ढों की सुधार एवं पेच रिपेयरिंग करने की बात करती हूं।

-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर



## छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में शामिल : रामसेवक पैकरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ न केवल धान का कटोरा है बल्कि संस्कृति का खजाना है। राज्योत्सव केवल एक उत्सव नही बल्कि यह हमारी पहचान है, हमारी परंपरा और हमारी लोक संस्कृति का सम्मान है। उक्त बातें जिला स्तरीय राज्योत्सव समापन कार्यक्रम में पूर्व गृह मंत्री व छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कही।

- 25 वर्षों की विकास यात्रा में हासिल हुई कई उपलब्धियां

उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना का रजत जयंती वर्ष, प्रदेश की 25 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने विकास की नई गाथा लिखी है। राज्योत्सव हमारे जीवन से जुड़ी उस माटी, मेहनत और संस्कृति का उत्सव है, जिसने छत्तीसगढ़ को विशिष्ट बनाया है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से प्रदेश ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। कला और संस्कृति के संरक्षण से हमारी पहचान और मजबूत हुई है। रामसेवक पैकरा ने कहा कि राज्योत्सव हमें अपने अतीत पर गर्व और भविष्य के लिए प्रेरणा देता है। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता भूलन सिंह मरावी किया गया। राज्योत्सव में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में लुफ्त उठाने के लिए नगरवासी बड़ी तदाद में कार्यक्रम स्थल पर पंहुचें थे। कार्यक्रम के आकर्षण स्थानीय कलाकार रहे, जिन्होंने अपने मनमोहक प्रस्तुति से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध किया। सुआ नृत्य, कर्मा नृत्य के साथ साथ विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणी देवपाल सिंह पैकरा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, शैलेश अग्रवाल, राजेश महलवाला शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, संत सिंह, जनप्रतिनिधि, कलेक्टर एस जयवर्धन, एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर, जिपं सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले, अपर कलेक्टर , एसडीएम शिवानी जायसवाल एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत पोड़ी में पिछले एक माह से इंटरनेट सुविधा ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

क्षेत्र के ग्राम पंचायत पोड़ी में इंटरनेट सुविधा बुरी तरह से ठप हो जाने से लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। मोबाइल टावर के काम नहीं करने से अब टॉबर मात्र शो पीस बन कर रह गई है। मोबाइल उपभोक्ताओं को सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से एक कम्पनी द्वारा लगाया गया मोबाइल टावर लगाया गया है जो एक महीना से लगातार खराब है जिस कारण शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे है वहीं मोबाइल धारकों को भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- शासकीय कार्य हो रहा प्रभावित

ग्राम पंचायत पोड़ी में लगभग तीन साल पूर्व मोबाइल धारकों सहित क्षेत्र में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक कंपनी द्वारा मोबाइल टावर लगाया गया है जो देखरेख के अभाव में पिछले एक माह से खराब पड़ा है। ग्रामीणों की लगातार शिकायत करने के बाद भी कंपनी द्वारा आजतक मरम्मत करने की पहल भी शुरू नहीं किया है जिससे मोबाइल धारक लोग काफी परेशान हैं। वहीं शासन का डिजिटल इंडिया का सपना भी गांव में अधर में दिखाई पड़ रही है। नेटवर्क नहीं होने के कारण गांव के सभी ऑनलाइन शासकीय कार्य भी बंद है। टॉवर की अपनी सर्कल के अंदर कोई दूसरा टावर नहीं बता रहा है इधर मोबाईल धारक टावर चालू होने की कयास लगाकर बैठे हुए है क्योंकि उनकी डेटा का पैसा बिना उपयोग किए व्यर्थ में कटते जा रहा है जिसके लिए ग्रामीणों ने सरपंच से मुलाकात कर टावर को जल्द बनवाने की मांग किया है। इस संबंध में कंपनी के इंजीनियर ने बताया कि टावर का चीफ तकनीकी समस्या के कारण खराब हो गया है जिसका समान आ चुका है एक दिन बाद चालू हो जाएगा।



#### केवाईसी में आ रही दिक्कत

आज के दौरान में मनरेगा सहित पीडीएस दुकान के अलावा अधिकांश शासकीय कार्य ऑनलाइन होती है। ऐसे में इंटरनेट सुविधा ठप हो जाने से शासकीय कार्य भी प्रभावित हो रहे है। मोबाइल टावर में आई तकनीकी खराबी के कारण मोबाइल उपभोक्ता तो परेशान है ही साथ में शासकीय कार्य जैसे मनरेगा मजदूरों का केवाईसी, पीडीएस दुकान में हितग्राहियों का केवाईसी सहित कई प्रकार के शासकीय कार्य प्रभावित हो गया है जो जिला प्रशासन के समय अनुरूप पूरा नहीं हो पा रहा है।

## पुलिया के नीचे ऑटो गिरने से गंभीर महिला की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पुलिया के नीचे ऑटो गिरने से गंभीर हुई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। घटना के दौरान एक महिला की पहले ही मौके पर ही मौत हो गई थी। ऑटो में 12 से 15 महिलाएं सवार थी। मामले में पलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार कोरिया झरनापारा निवासी वीर कुमार पति स्व. जय सिंह (47 वर्ष) 3 नवम्बर को अन्य महिलाओं के साथ प्रताप राजवाडे के ऑटो क्रमांक सीजी 16 सीजे 1007 से ग्राम बसकर दसगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। शात को सभी ऑटो से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही चालक प्रताप राजवाड़े नकटापारा पुलिया के समीप पहुंचा तभी आटो से नियंत्रण खो बैठा जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे गिर गया। दुर्घटना में ऑटो सवार फूलकंवर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि वीर कुमार, हीरा कुमारी, मानमती, सोनी एवं अन्य महिलाएं घायल हो गई। बताया जा रहा है कि ऑटो में 12 से 15 महिलाएं सवार थी। घायलों को पटना अस्पताल से बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने वीर कुमार की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## यातायात नियमों का पालन समय की जरूरत लापरवाही पड़ सकती है भारी : एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

यातायात जागरूकता और यातायात नियमों का पालन समय की जरूरत है क्योंकि लापरवाही के कारण एक्सीडेंट होते है और लोगों की असमायिक मृत्यु हो जाती है। यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के लिए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले के सभी थाना-चौकी व यातायात प्रभारी 1 से 15 नवम्बर तक यातायात जागरुकता अभियान चला रहे है जिसमें यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ ही नियमों का उल्लघंन करने वाले चालकों को जीवन में यातायात नियम के क्या मायने है उसकी जानकारी देते हुए सीट बेल्ट लगाने एवं बाईक चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।



मंगलवार को पुलिस अधिकारियों ने कई स्थानों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत पुलिस ने स्कूली बच्चों, साइकिल, बस, ट्रक, ऑटो/टैक्सी चालकों, सार्वजनिक परिवहन कर्मचारी और दैनिक यात्रियों को नियमों के पालन और अनुशासित सड़क उपयोग के महत्व की जानकारी दी। दोपहिया वाहन चालकों और पीछे बैठने वालों को बिना हेलमेट के वाहन चलाने के गंभीर परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि यातायात नियमों का पालन हेतु नागरिकों को जागरूक करने हेतु हेलमेट पहने लोगों से औरों के लिए हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन कराई जा रही है। अभियान के दौरान आम जनता का भरपूर सहयोग भी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मकसद लोगों को सड़क अनुशासन और ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना है। पुलिस अभियान के दौरान सीधे लोगों से बातचीत कर उन्हें सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बता रही है। यह अभियान आगे भी नियमित जारी रहेगा ताकि सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सके।

## ग्रैंड फिनाले में सीनियर, जूनियर एवं ग्रुप डांसरों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अनोखी सोच संस्था द्वारा आयोजित डांस प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले के स्टेज पर डांस की वर्षा हुई। ग्रैंड फिनाले में सभी ने अपनी-अपनी जबरदस्त प्रस्तुति देते हुए बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

- बिलासपुर की राइज़ वन ग्रुप टीम बनी विजेता
- एकल डांस प्रतियोगिता के जूनियर में सूर्यांश दास व सीनियर में दिग्विजय सिंह ने मारी बाजी

रंग, रोशनी और ताल से सजे इस फिनाले में सीनियर, जूनियर और ग्रुप डांस कैटेगरी के कुल 24 फाइनलिस्ट ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा ग्रुप डांस राउंड, जिसमें बिलासपुर की राइज़ वन डांस ग्रुप ने शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान हासिल किया और 2 लाखा 51 हजार की इनामी राशि अपने नाम की। दूसरे स्थान पर रायगढ़ की जय माँ दुर्गा टीम रही, जिन्हें 75 हजार रुपए का पुरस्कार मिला, जबकि तीसरा स्थान झारखंड के लोहरदगा की आरआरडी ग्रुप ने प्राप्त किया, उन्हें 51 हजार रुपए की राशि से सम्मानित किया गया। वहीं सीनियर सिंगल डांस श्रेणी में प्रथम स्थान दिग्विजय सिंह (वाराणसी) 1 लाख रुपए, द्वितीय स्थान धीरज थापा (मुंबई) 51 हजार , एवं तृतीय स्थान सिद्धार्थ यादव ( अंबिकापुर ) 21 हजार रुपए की राशि जीता। जूनियर सिंगल डांस श्रेणी में प्रथम स्थान सूर्यांश दास, द्वितीय स्थान सिमरन सोनी एवं तृतीय स्थान आरुषि यादव (बिलासपुर) रही। फिनाले के दौरान दुर्गा पूजन के अवसर पर आयोजित रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता के परिणाम भी घोषित किए गए। सभी विजेताओं को नगद राशि और आकर्षक उपहारों से पुरस्कृत किया गया, फाइनल में जगह बनाने वाले शेष सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप सांत्वना पुरस्कार और नकद राशि भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, शफ़ी अहमद, अनिल सिंह मेजर, संजय अम्बष्ट, विनोद अग्रवाल, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, विनोद हर्ष, निश्चल प्रताप सिंह, जन्मेजय मिश्रा, विद्यानंद मिश्रा, वीरेंद्र चौरसिया, राजेश मलिक, विनय शर्मा, सरोज साहू, कमलेश तिवारी, मनोज कंसारी, नवीन अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, नितिन बंसल, अमित गोयल, रवि अग्रवाल, संजु अग्रवाल, लवी अग्रवाल, गुरप्रीत सिंह भाटिया, श्रीमती ममता तिवारी, शशिकांत जायसवाल, रविकांत उरांव, विकास सोनी, श्रीमती नीलम राजवाड़े एवं श्रीमती प्रियंका चौबे अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

निर्णायक मंडल में श्रीमती प्राची जिंदल, रमेश द्विवेदी, मो. शिफ़ते हसन, अंजनी कुमार पांडेय, डॉ शलभ गुप्ता, रणविजय प्रताप सिंह, सुश्री रिमशा श्रीवास्तव, श्रीमती पूजा सिंह, श्रीमती वंदना दत्ता, श्रीमती श्वेता सिन्हा, डॉ. शबनम ख़ानम, विनायक पांडेय एवं श्रीमती रमिंदर कौर शामिल थे। ग्रैंड फिनाले का माहौल उत्साह और जोश से भरपूर रहा। मंच की रंगीन सजावट, संगीत की गूंज और दर्शकों की तालियों ने आयोजन को यादगार बना दिया। देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों के साथ-साथ विदेशी प्रतिभागियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और भी बढ़ा दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू, अभय साहू, लालजी साहू सहित संस्था के सभी कर्मठ सदस्यों की भूमिका रही।




अतिथियों के साथ विजेता टीम के सदस्य।

### अनोखी सोच नेशनल डांस स्पर्धा में शिवनन्दनपुर की सिमरन ने हासिल किया दूसरा स्थान

**बिश्रामपुर।** नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर के तलवापारा निवासी 9 वर्षीय सिमरन सोनी ने अनोखी सोच के नेशनल डांस स्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल कर नगर को गौरवान्वित किया है,गौरतलब है कि सिमरन सोनी नगर के राजकुमार पब्लिक स्कूल में कक्षा 5 वीं की छात्रा हैं,जिसने हाल ही में अंबिकापुर में आयोजित अनोखी सोच द्वारा आयोजित नेशनल लेवल डांस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया है,उक्त स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों से आए लगभग 70 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया,जिनमें से सुरजपुर जिले से केवल सिमरन सोनी ही चयनित हुई,बिना किसी प्रोफेशनल ट्रेनिंग या कोरियोग्राफर की मदद के सिमरन ने अपनी मेहनत, लगन और नृत्य के प्रति जुनून के दम पर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है,सिमरन के पिता रंजीत सोनी और माता नीतू सोनी ने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद वे अपनी बेटी को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं, उन्होंने जिलेवासियों और प्रशासन से आह्वान किया है कि वे सिमरन को प्रोत्साहन व सहयोग दें ताकि यह नन्ही प्रतिभा आगे चलकर सूरजपुर जिले के अलावा प्रदेश का नाम राष्ट्रीय मंचों पर भी रोशन कर सके।





# अरबाज की हॉरर फिल्म काल त्रिघोरी का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** इन दिनों दर्शक हॉरर फिल्मों को पसंद कर रहे हैं। हाल ही में रिलीज हुई हॉरर फिल्म 'थामा' को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। ऐसे में जल्द ही सिनेमाघरों में हॉरर फिल्म 'काल त्रिघोरी' रिलीज होने वाली है। बुधवार को इसका ट्रेलर रिलीज किया गया है, जो काफी दमदार और डरावना है। ट्रेलर में अरबाज खान, ऋतुपर्णा सेनगुप्ता, महेश मांजरेकर और आदित्य श्रीवास्तव अभिनय करते नजर आए हैं। ट्रेलर में डरावनी आवाज सुनाई देती है, गुड़िया, हवेली और काली बिल्ली के दृश्य दिखाई देते हैं। ट्रेलर में कलाकार एक- दूसरे से इस बात पर बहस करते हैं कि आत्माएं होती हैं या नहीं।

लाइफ Style

# खुशी

## श्रीदेवी की फिल्म मॉम के सीक्वल में काम कर रहीं

खुशी कपूर के 25वें बर्थडे के मौके पर उनकी अपकमिंग फिल्म के सेट से तस्वीरें वायरल हो रही हैं। कहा जा रहा है कि खुशी 'मॉम 2' की शूटिंग कर रही हैं। इस साल मार्च में बोनी कपूर ने खुलासा किया था कि वह खुशी कपूर को लेकर एक नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, जो 2017 की फिल्म 'मॉम'का सीक्वल हो सकता है। हालांकि, तब इसके नाम का अनाउंसमेंट नहीं हुआ था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

'मॉम'में दिवंगत श्रीदेवी ने लीड रोल निभाया था। हाल ही में अनाउंस हुआ कि इस फिल्म का नाम 'मॉम 2' रखा गया है। खुशी कपूर के बर्थडे के मौके पर 'मॉम 2' के सेट से तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायर हो रही हैं। 'मॉम 2' की शूटिंग दिवाली के बाद, 26 अक्टूबर को मुंबई में शुरू हुई. लगभग 10-11 दिनों की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है। खुशी कपूर एक खास रोल निभा रही हैं और उनके साथ करिश्मा तन्ना भी हैं।'मॉम'का निर्देशन रवि उद्यावर ने किया था। हालांकि, सीक्वल का निर्देशन गिरीश कोहली कर रहे हैं। गिरीश पहले फिल्म के स्टोरी राइटर्स में से एक थे। उन्होंने इसकी स्क्रिप्ट और डायलॉग भी अकेले ही लिखे थे। बोनी को लगा कि गिरीश इस सीक्वल के साथ न्याय करेंगे क्योंकि वह इस फिल्म को अच्छी तरह से जानते हैं, इसलिए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई। बता दें, गिरीश कोहली ने इस साल की शुरुआत में रिलीज हुई सोहम शाह अभिनीत 'क्रेजिक्स' को डायरेक्टर कर अपनी काबिलियत साबित की है। बोनी 'मॉम 2' की अनाउंसमेंट अपने जन्मदिन, 11 नवंबर को भव्य तरीके से करने की योजना बना रहे हैं।



हॉलीवुड मसाला




# हॉरर मिनी सीरीज है इट वेलकम...

**लॉस एंजिल्स।** हैलोवीन 2025 में एक नई डरावनी सीरीज 'इट - वेलकम टू डेरी' आई है। यह सीरीज पेनिवाइज की कहानी की शुरुआत दिखाएगी। इटः वेलकम टू डेरी एक रोमांचक हॉरर मिनी-सीरीज है, जो स्टीफन किंग के प्रसिद्ध उपन्यास 'इट' पर आधारित है। डायरेक्टर एंडी मुशिएत्ती ने इसे बनाया, जो पहले 'इट' फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। यह सीरीज डेरी शहर के अंधेरे इतिहास को खोलती है, जहां पेनिवाइज नामक भयानक क्लाउन का आतंक फैलता है।



# बॉलीवुड से है जोहरान ममदानी का कनेक्शन

**लॉस एंजिल्स।** जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क शहर के नए मेयर बने हैं। ऐसा करने वाले वह सबसे कम उम्र के शख्स हैं। साथ ही पहले मुस्लिम हैं, जो न्यूयॉर्क के मेयर बने हैं। वह इंडियन अमेरिकन फिल्ममेकर मीरा नायर के बेटे हैं। मीरा अपने बेटे की उपलब्धि से काफी खुश हैं। मीरा नायर ने साल 1977 में फोटोग्राफर मिच एपस्टिन से शादी, लेकिन 1991 से पहले इनका तलाक हो गया। आगे चलकर मीरा की मुलाकात पॉलिटिकल साइंटिस्ट महमूद ममदानी से हुई। फिल्ममेकर अपनी एक फिल्म 'मिसिसिपी मसाला' की रिसर्च के लिए युगांडा गई थीं, यहीं पर उनकी मुलाकात महमूद ममदानी से हुई। दोनों ने साल 1991 में शादी की। मीरा और महमूद ममदानी को एक बेटा हुआ, जिनका नाम जोहरान ममदानी है।



# गुस्ताख इश्क को मिली नई रिलीज डेट

**मुंबई।** भारत के मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा फिल्म प्रोडक्शन में कदम रखने जा रहे हैं। वह फिल्म 'गुस्ताख इश्क' से प्रोडक्शन में डेब्यू कर रहे हैं। अब खबर आ रही है कि इस फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है। इस फिल्म में विजय वर्मा और फातिमा सना शेख मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'गुस्ताख इश्क' के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान कर दिया है। विजय वर्मा की अदाकारी वाली यह फिल्म अब 28 नवंबर को रिलीज होगी। पहले यह 21 नवंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मनीष मल्होत्रा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान किया है। पोस्ट में लिखा है 'अपने कैलेंडर में इस तारीख को नोट कर लें। आप लोगों के लिए इश्क को नई रिलीज डेट मिली है।



# वेलकम टू द जंगल में अक्षय-दिशा

**मुंबई।** अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम पर 'वेलकम 3' का एक खास वीडियो शेयर किया, जिसमें दिशा पाटनी उनके साथ दिख रही हैं। 'वेलकम टू द जंगल' की इस झलक के साथ अक्षय ने लिखा, 'हमारे दिल से आपके दिल तक। 18 साल बाद भी यह फिल्म खास है। पुरानी यादों के साथ, मैं और दिशा आपके लिए लाए हैं 'वेलकम टू द जंगल'। हमारी क्वीन कटरीना को कभी नहीं भूलेंगे।' वीडियो के आखिर में अक्षय कहते हैं, 'कटरीना, हमें तुम्हारी याद आ रही है।' अक्षय के अलावा फैंस भी कटरीना को इस फिल्म में मिस कर रहे हैं और कुछ फैंस दिशा को पसंद कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग नवंबर से फिर से शुरू होगी और यह फिल्म मार्च या अप्रैल 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ्स 3: कृष्णा ने ईशा से खुद को बचाने की लगाई गुहार

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3', 22 नवंबर से कलर्स टीवी और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित किया जाएगा। हर शनिवार और रविवार रात 9 बजे इसे आप देख सकेंगे, जिसमें अली गोनी, जन्नत जुबेर, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, ईशा मालवीय, समर्थ जुरेल, एल्विश यादव, अभिषेक कुमार, करण कुंद्रा, विवियन डीसेना, तेजस्वी प्रकाश, देबिना बनर्जी और गुरमीत चौधरी दिखाई देंगे। लेटेस्ट प्रोमो में शेफ हरपाल फ्रेंच प्रेस के बारे में पूछते हैं तो ईशा कहती हैं कि वह जिस औजार का नाम ले रहे हैं, वो यहां है ही नहीं। फिर कृष्णा उन्हें 'ज और ज़' में अंतर सिखाते हैं और अंत में हार मान लेते हैं। कहते हैं, 'मैं आइंदा से आपसे कुछ नहीं बोलूंगा।' ईशा फिर कृष्णा से कहती हैं कि वह उनसे ऐसे क्यों बात कर रहे हैं, उन्होंने उनको प्याज दिए थे। तो कृष्णा कहते हैं, 'मेरे को कोई तो बचाओ।' इसके बाद अभिषेक आते हैं और एक्ट्रेस के मुंह पर टेप लगा देते हैं और कहते हैं, 'चुप।' और वह खड़ी रहती हैं। कुछ रिएक्ट नहीं करतीं। मुस्कुराती रह जाती हैं। हालांकि लोगों को ईशा की कॉमेडी पसंद नहीं आई। लोगों ने ओवरएक्टिंग कहा। और शो में नए एक्टर्स को जोड़ने पर सवाल खड़े किए कि मेकर्स ने ऐसा क्यों किया। एक्टर अभिषेक कुमार और ईशा मालवीय का ब्रेकअप हुए अरसा बीत गया है। दोनों को 'बिग बॉस 17' में साथ देखा गया था। जहां इनके बीच चीजें काफी खराब हो गई थीं।

## गौरव मलते रहे हाथ, अमल बने दोबारा कैप्टन

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस तक' के मुताबिक, घर में कैप्टेंसी टास्क हुआ। जिसमें म्यूजिकल चेयर के दौरान घरवालों को स्क्वेयर ब्लॉक पर चलना था। नियम ये था कि जैसे ही म्यूजिक बंद होगा, उस दौरान अगर एक ही ब्लॉक पर दो कंटेस्टेंट होंगे तो वह दोनों ही इस रेस से आउट हो जाएंगे। अब जब टास्क हुआ तो पांच राउंड में इसे पूरा किया गया। पहले राउंड में शहबाज और तान्या मित्तल आउट हुए तो बिग बॉस ने शहनाज गिल के भाई को टास्क का संचालक बना दिया। इसके बाद दूसरे राउंड में फरहाना और मृदुल एक ही ब्लॉक पर रहे तो वो टास्क से बाहर हो गए। इस दौरान दोनों में बड़ा झगड़ा भी हुआ। दोनों अपना-अपना प्वॉइंट प्रूफ करते हैं। फिर तीसरे राउंड में अभिषेक बजाज और नीलम के साथ भी ऐसा ही हुआ। उन्हें भी कैप्टेंसी टास्क से हाथ धोना पड़ा। चौथे राउंड में गौरव खन्ना और मालती आउट हुए और पांचवें राउंड में कुनिका सदानंद और अशनूर कौर बाहर हो गए। कुल मिलाकर जिसने ये टास्क जीता, वह रहे अमल मलिक। वह अब इस घर के नए कैप्टन बन गए हैं और सीजन के इकलौते सदस्य हैं, जो दोबारा इम्यून हुए हैं।




# राजा शिवाजी में सलमान बनेंगे वीर योद्धा जीवा महाला, संजय से होगा भीषण युद्ध

**मुंबई।** सलमान खान के सुपरफैंस जहां उनकी बॉलीवुड फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' के लिए बेताब हैं, वहीं, भाईजान के मराठी दीवानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। खबर है कि रितेश देशमुख के डायरेक्शन में बन रही ऐतिहासिक महाकाव्य फिल्म 'राजा शिवाजी' में सलमान खान नजर आने वाले हैं। वह इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के सबसे भरोसेमंदर सहयोगी, बेहद साहसी और वफादार, जीवा महाला का किरदार निभाने वाले हैं। यही नहीं, यह फिल्म फैंस के डबल धमाका होगी, क्योंकि इसमें सलमान के साथ संजय दत्त भी होंगे, जो अफजल खान का रोल प्ले करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान खान इसी शुक्रवार 7 नवंबर को 'राजा शिवाजी' में अपने हिस्से की शूटिंग करेंगे। यह सीक्वेंस फिल्म के सबसे ग्रैंड विजुअल एक्सपीरियंस में से एक होने वाला है। यही नहीं, कहानी के लिहाज से भी यह भूमिका बेहद अहम और निर्णायक होगी। बहादुर और वीर, जीवा महाला ने अफजल खान के भरोसेमंद लेफ्टिनेंट सैयद बंदा के भीषण हमले के दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज को बचाने का काम किया था। रितेश देशमुख की फिल्म में यह निस्वार्थ भाव और साहस का एक प्रमुख आकर्षण होगा। फिल्म में रितेश देशमुख लीड रोल में हैं और वह पर्दे पर छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं। सलमान खान के जीवा महाला और संजय दत्त के अफजल खान की भूमिका को कुछ इस तरह फिल्माया जा रहा है कि दर्शकों को भव्यता, भावनाओं का भरपूर डोज मिले। जीवा महाला और अफजल खान के बीच का यह टकराव, वीरता और बलिदान को श्रद्धांजलि होगी।



# 120 बहादुर का गाना 'याद आते हैं' हुआ रिलीज




मुंबई। फरहान अख्तर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म '120 बहादुर'को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में फिल्म का पहला गाना 'दादा किशन की जय' रिलीज हुआ था। वहीं, बुधवार को फिल्म का एक और गाना 'याद आते हैं' रिलीज हुआ है। इस गाने में जवानों और उनके घरवालों की इमोशनल कहानी साफ नजर आ रही है। फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का नया गाना 'याद आते हैं।..' रिलीज हो चुका है। इस गाने को फरहान ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'निकले थे जब हम घर से, अपने गांव से, नगर से, प्यार जो बरसे, याद आते हैं।' इस फिल्म का निर्देशन रजनीश 'राजी' घई ने किया है। इस फिल्म को एक्सेल एंटरटेनमेंट और ट्रिगर हैप्पी स्टूडियो द्वारा निर्मित किया गया है। यह एक युद्ध फिल्म है। फिल्म में फरहान अख्तर मेजर शैतान सिंह और राशि खन्ना शैतान की पत्नी शगुन कंवरी सिंह की भूमिका में हैं। फिल्म रेजांग ला की लड़ाई को याद करती है, जिसे चीन-भारतीय युद्ध की प्रमुख घटनाओं में से एक माना जाता है। यह युद्ध 18 नवंबर 1962 को लड़ा गया था, जब चार्ली कंपनी के 120 सैनिक, 13 कुमाऊं रेजिमेंट पूरी तरह सेसे बनी थी। यह फिल्म 21 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## भारत की बेटियों ने आईसीसी महिला विश्व कप का खिताब किया अपने नाम

# महिला क्रिकेट पर बेस्ड ये 5 फिल्में ओटीटी पर हैं मौजूद

***नई दिल्ली।*** *आईसीसी महिला विश्व कप में भारत की बेटियों ने कमाल कर दिया। विश्व कप का खिताब अपने नाम कर उन्होंने दुनियाभर में देश का नाम रोशन किया है। ऐसे में आज हम आपको 5 ऐसी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो महिला क्रिकेट पर बेस्ड है और इन सभी फिल्मों को आप घर बैठे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं।*




**घूमर (2023) :** यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसे आर बाल्की द्वारा लिखित और निर्देशित किया गया है। इसमें शबाना आजमी, अभिषेक बच्चन, सैयामी खेर और अंगद बेदी हैं। यह 18 अगस्त 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। वहीं, 69वें फिल्मफेयर पुरस्कारों में फिल्म को तीन नामांकन मिले, जिसमें बच्चन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और शबाना आजमी के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री शामिल थे. इस फिल्म को आप जी5 पर देख सकते हैं।

**दिल बोले हड़िप्पा! (2009) :** यह एक स्पोर्ट्स कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है और यशराज फिल्म्स के बैनरतले आदित्य चोपड़ा ने इसका निर्माण किया है। इस फिल्म को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं। फिल्म में रानी मुखर्जी और शाहिद कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं, साथ ही अनुपम खेर, दलीप ताहिल, राखी सावंत और शर्लिन चोपड़ा ने भी सहायक भूमिकाएं निभाई हैं। यह कहानी एक लड़की के बारे में है, जो एक पुरुष के रूप में खुद को कंवर्ट करती है ताकि वह पुरुष क्रिकेट टीम में शामिल हो सके।




**शाबाश मिठू (2022) :** यह एक बायोग्राफिकल स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन श्रीजीत मुखर्जी ने और निर्माण वायकॉम18 स्टूडियो ने किया है। यह फिल्म भारत की महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की पूर्व टेस्ट और वनडे कप्तान मिताली राज के जीवन पर आधारित है, जिसमें तापसी पन्नू मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**काना (2018) :** यह तमिल भाषा की एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें सत्यराज, ऐश्वर्या राजेश और दर्शन मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि शिवकार्तिकेयन एक विस्तारित कैमियो भूमिका में दिखाई देते हैं। फिल्म का लेखन और निर्देशन अरुणराज कामराज ने किया है, जो उनके निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। इस फिल्म को आप जी5 पर देख सकते हैं।






**मिस्टर एंड मिसेज माही (2024) :** यह एक रोमांटिक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन शरण शर्मा ने और निर्माण जी स्टूडियोज और धर्मा प्रोडक्शंस ने किया है। इसमें राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म क्रिकेट पर केंद्रित है। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### बालिकाओं ने खो खो स्पर्धा में दिखाया जौहर



**भैयाथान।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भैयाथान की बालिकाओं ने खो खो प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन किया। बालोद में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भैयाथान की पांच बालिका सुनीता, सावित्री,अंजलि, अंगिता,रोशनी का चयन बालोद में आयोजित राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खो खो अंडर 14 हेतु किया गया है। सभी खिलाड़ी ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता भैयाथान जिला स्तरीय प्रतियोगिता एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिता शंकरगढ़ में अच्छे खेल का प्रदर्शन कर उपलब्धि हासिल की। इससे पूर्व भी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैयाथान की छह बालिकाओं का चयन राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता हेतु चयनित हुई थी जो की कस्तूरबा गांधी आवासीय परिसर की है। कोच संजय यादव ने बताया कि बच्चों के कड़ी मेहनत एवं एबीओ घनश्याम सिंह, बीआरसी सुरेंद्र दुबे एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के अधीक्षिका लिली कल्याणी, करुणा बड़ा एवं सभी स्टाप के सहयोग से ही संभव हो सका है। जिले के खिलाड़ी लगातार बेहतर प्रदर्शन से जिले का नाम रौशन कर रही है।

### चलती ट्रेन से गिरा युवक उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** चलती ट्रेन से गिरने तथा ट्रेन की चपेट में आने से गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार महामाया मंदिर समीप निवासी राजीव मानिकपुरी आ. राम किशोर (37 वर्ष) मंगलवार की सुबह ग्वालियर जाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचा। युवक ट्रेन में बैठा था तभी चलती ट्रेन से नीचे गिर गया जिससे ट्रेन की चपेट में आने से हाथ व पैर कट जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### संघ ने की भर्ती विज्ञापन जारी करने की मांग

**अम्बिकापुर।** स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष धनेश प्रताप सिंह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंप राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन रिक्त पदों के लिए जारी विज्ञापन में मानव संसाधन नीति के अनुसार संशोधन करने की मांग की है। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन में मानव संसाधन नीति 2018 की अवहेलना की गई है। मानव संसाधन नीति में अंतिम चयन सूची तैयार करने के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता का 65 प्रतिशत अनुभव का अंक 10,15 एवं परीक्षा व साक्षात्कार 20 अंक को संशोधित कर लिखित एवं साक्षात्कार को विलोपित किया गया है।

## मनेन्द्रगढ़ के शराफत ने टीबी मरीज के इलाज व पोषण की जिम्मेदारी संभाली

# पिता की टीबी से मौत, बेटे ने मरीज को गोद लिया

**नि-क्षय मित्र अभियान से जुड़कर टीबी मरीजों की मदद करें**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

क्षेत्र के निवासी शराफत अली ने एक मानवीय पहल करते हुए टीबी से पीड़ति महिला संगीता सिंह को गोद लिया है। वे मरीज के इलाज पूरा होने तक उसके पोषण आहार की जिम्मेदारी स्वयं निभाएंगे।

शराफत अली ने बताया कि वर्ष 1985 में उनके पिता स्व.शहाबुद्दीन अंसारी की टीबी से मृत्यु हो गई थी, जब वे मात्र आठ वर्ष के थे। उस समय बीमारी गंभीर मानी जाती थी और आर्थिक तंगी के कारण इलाज में कठिनाइयां आईं। उसी दर्दनाक अनुभव ने उन्हें आज किसी जरूरतमंद मरीज की मदद के लिए प्रेरित किया भारत सरकार के नि-क्षय मित्र अभियान के तहत टीबी उन्मूलन में जन भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अभियान में समाजसेवी या डोनर आर्थिक रूप से कमजोर टीबी मरीजों को गोद लेकर उनकेक इलाज के दौरान पोषण आहार उपलब्ध कराते हैं। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में वर्तमान में 274 टीबी मरीज पंजीकृत हैं, जिनमें से अकेले मनेन्द्रगढ़ ब्लॉक में 136 मरीज हैं। इनमें कई मरीज कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण पर्याप्त पोषण नहीं ले पाते। श्री अली ने कहा कि यह प्रयास किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि समाज के हर संवेदनशील नागरिक का होना चाहिए। उन्होंने आम जन से अपील की कि वे नि-क्षय मित्र अभियान से जुड़कर टीबी मरीजों की मदद करें, ताकि किसी की जान केवल संसाधनों के अभाव में न जाए। भारत सरकार के सर्वेक्षण के अनुसार देश में प्रतिवर्ष लगभग 26 लाख लोग टीबी से ग्रसित होते हैं, इनमें से लगभग 4 लाख की मृत्यु हो जाती है। सरकार ने टीबी मुक्त भारत 2025 का लक्ष्य निर्धारित किया है। मरीजों को निःशुल्क दवाएं और मासिक आर्थिक सहायता (1000 रूपए तक) प्रदान की जा रही है।



# नवपदस्थ एसपी से सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों की भेंट



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले की नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह से सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और जिले में शांति, सौहार्द तथा सामुदायिक विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में समाज के पदाधिकारियों ने जिले में समाज के उन्नयन, युवा वर्ग में जागरूकता, सामाजिक समरसता और अपराध उन्मूलन गतिविधियों से संबंधित अपने विचार रखें। पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह ने प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कहा कि पुलिस और समाज के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराध पर नियंत्रण और सामाजिक विकास दोनों संभव हैं। उन्होंने समाज के पदाधिकारियों से जिले में शांति, कानून व्यवस्था और जनसहयोग बनाए रखने में सहयोग की अपील की। बैठक का माहौल सौहार्दपूर्ण रहा और अंत में प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक को समाज की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष शरण सिंह, संभागीय अध्यक्ष परमेश्वर सिंह मरकाम, सर्व आदिवासी समाज के ब्लाक अध्यक्ष अमोल सिंह मरावी, सुजित सिंह, संतोष सिंह कमरो, महेन्द्र सिंह, धरमपाल सिंह टेकाम, भवन सिंह, प्रेमनारायण सिंह, तेजभान सिंह, जयप्रकाश सिंह, जोखन सिंह के सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ई-ऑफिस प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

जिले में प्रशासनिक कार्यों को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में गुरूवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित एक दिवसीय ई-ऑफिस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी विभागों के अधिकारी और लिपिक शामिल हुए। कार्यक्रम में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट स्वयं उपस्थित रहे और उन्होंने प्रशिक्षण की प्रगति का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि ई-ऑफिस शासन की एक ऐसी अभिनव पहल है, जो पारंपरिक कागजी फाइल प्रणाली को डिजिटल स्वरूप में परिवर्तित कर रही है।

■ जिला अधिकारियों एवं लिपिकों को मिला प्रशिक्षण

इस अवसर पर राजस्व, पंचायत, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, नगरीय प्रशासन, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, वन सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं लिपिकों ने भाग लिया। ई-ऑफिस प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए इसे दो पालियों में आयोजित किया गया। पहली पाली में जिला स्तरीय अधिकारी एवं वरिष्ठ लिपिकों को प्रशिक्षण दिया गया, जबकि दूसरी पाली में अन्य शाखाओं के अधिकारी और लिपिक शामिल हुए। प्रशिक्षण ई-गवर्नेंस शाखा के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को फाइल निर्माण, डायरी, नोटिंग, ड्राफ्टिंग, डिजिटल हस्ताक्षर और फाइल मूवमेंट की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन कराया। लिपिकों ने बताया कि इस प्रशिक्षण से उनका कार्य अधिक पारदर्शी, तीव्र और सटीक होगा। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने सभी विभागीय अधिकारियों और लिपिकों को निर्देश दिए कि अगले एक माह में सभी फाइलें ई-ऑफिस प्रणाली में स्थानांतरित की जाएं। ई-ऑफिस केवल एक सॉफ्टवेयर नहीं, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही का नया अध्याय है। यह प्रणाली जिले को डिजिटल शासन की दिशा में अग्रसर करने वाला ऐतिहासिक कदम साबित होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार, श्रीमती नम्रता डोंगरे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती इंद्रा मिश्रा, ई-गवर्नेंस नोडल अधिकारी, तथा सभी विभागों के प्रमुख उपस्थित रहे।

# मनेन्द्रगढ़ वनमंडल का लाख पालन पूरे छग के लिए बना रोल मॉडल

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़





छग में पलाश पेड़ों की भरमार है। पलाश पेड़ जिसको छत्तीसगढ़ी में परसा कहा जाता है वो खेतों के मेड़ों में अक्सर पाए जाते हैं, इसके बावजूद इसका कोई व्यावसायिक रूप से उपयोग नहीं हो पा रहा है। पर ये पेड़ लाख पालन के लिए उपयुक्त होते हैं। इसमें रंगीनी लाख का पालन होता है। अगर इन पलाश के पेड़ों का उपयोग होता है, तो ये किसान को खेती के अलावा अतिरिक्त आय दे सकते हैं, इससे छग राज्य से होने वाले पलायन को रोका जा सकता है।

■ अब तक 37 गांव के 400 कृषकों ने चालू किया लाख पालन

खेती किसानी के अलावा कृषकों के पास दूसरे आय का साधन नहीं होता है। मनेन्द्रगढ़ जिले के गांवों में भी पलाश पेड़ अधिक संख्या में उपलब्ध है। मनेन्द्रगढ़ के क्षेत्रों में पूर्व में लाख पालन कार्य होता रहा है,परंतु कालांतर में मौसम की मार से और वैज्ञानिक तरीके से लाख पालन कार्य नहीं होने से लाख पालन समाप्त हो गया। ग्रामीणों से चर्चा करने पर ग्राम भौता, नारायणपुर, छिपछिपी एवं बुंदेली ग्राम के कृषक लाख पालन के लिए बहुत उत्सुकता दिखाए। ऐसे स्थिति में अक्टूबर-नवंबर 2023-24 में पहली बार भौता समिति के भौता, नारायणपुर, छिपछिपी, बुंदेली गांव में तथा जनकपुर चांटी,जरडोल गांव के पास 34 कृषकों को 2.54 क्विंटल लाख बीहन (बीज) लाकर दिया गया, 276 पेड़ों में संचरण कराया गया, इसके पश्चात माह जून-जुलाई 2024-25 में पुनः 2 समिति भौता एवं बेलबहरा के 3 ग्राम में 0.74 क्विंटल बीहन 4 कृषकों के 80 पेड़ों में लगवाया गया। इसके पश्चात माह अक्टूबर 2024-25 में 5 प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति भौता, बेलबहारा, माड़ीसरई, जनकपुर, जनुवा के 9 ग्राम के 126 कृषक के 3117 पलाश पेड़ों में बीहन लाख का संचरण किया गया, इसके पश्चात माह जुलाई 2025 में 10 प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के 27 ग्रामों के 205 कृषकों के द्वारा 2037 पलाश पेड़ों में 25.50 क्विंटल बीहन लाख का संचरण किया गया, जिसमे से 20.45 क्विंटल लाख बीहन अपने ही जिला यूनियन के कृषकों द्वारा उत्पादन किया गया एवं शेष 4.05 क्विंटल बीहन बलरामपुर से लाया गया था, इसके पश्चात अक्टूबर 2025 में 37 ग्रामों के 400 कृषकों के यहां कुल 6 हजार पेड़ों में 60 क्विंटल बीहन लाख लगवाया गया। सभी लाख यहां के किसानों के द्वारा ही उत्पादन किया गया था, इसको हर वर्ष 3 गुना बढ़ाने का टारगेट रखा गया है। अगले वर्ष तक ये पूरे जिले में फैल जाएगा। लाख पालन की सबसे बड़ी समस्या बीहन लाख (बीज) की होती है, क्यूंकि इसको दूसरे जगह से लाके लगाना बहुत कठिन होता है।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष: विविध कार्यक्रमों की होंगी श्रृंखला

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वीं वर्षगांठ वर्ष 2025-26 के अवसर पर भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार देशभर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन प्रारंभ होने जा रहा है। इस श्रृंखला के अंतर्गत कोरिया जिले में विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक गतिविधियों का संचालन चार चरणों में किया जाएगा।

■ 7 नवंबर को इस अभियान की राष्ट्रीय शुरूआत होगी

संस्कृति एवं राजभाषा विभाग द्वारा इसके लिए समस्त जिला कलेक्टरों को विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। 7 नवंबर को इस अभियान की राष्ट्रीय शुरूआत होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन दूरदर्शन के माध्यम से सुबह 10 से 11 बजे तक प्रसारित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रदेश एवं जिले के सभी कार्यालयों, विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में सामूहिक वंदे मातरम गायन का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। प्रथम चरण 7 से 14 नवंबर, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी 2026, तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान से संयोजित) तथा चतुर्थ व समापन चरण 1 से 7 नवंबर 2026 तक होंगी। इन चरणों में निबंध-वाद-विवाद प्रतियोगिता, चित्रकला-रंगोली निर्माण, पोस्टर प्रदर्शनी, पुलिस एवं विद्यालय बैंडों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति, कवि सम्मेलन, मशाल रैली, संगोष्ठी तथा वंदे मातरम विषयक लघु फिल्म प्रदर्शन सहित विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही वंदे मातरम ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग बूथ स्थापित किए जाएंगे, जिनमें नागरिक अपनी आवाज में राष्ट्रगीत गाकर पोर्टल वंदेमातरम 150 डॉट इन पर अपलोड कर सकेंगे। वंदे मातरम अभियान के तहत जिले में 7 से 26 नवंबर (संविधान दिवस तक) जन-भागीदारी आधारित कार्यक्रम आयोजित करेगी। जिले के नगर पालिका, ब्लॉक मुख्यालयों, विद्यालयों और महाविद्यालयों में क्रमवार सामूहिक वंदे मातरम गायन, स्वदेशी संकल्प, प्रदर्शनी, ऐतिहासिक संदर्भों पर संगोष्ठी, तथा निबंध-चित्रकला-रील प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण, घर-घर सर्वे कार्य

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

तहसील मनेन्द्रगढ़ में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का 1 नवंबर को प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक को मताधिकार से जोड़ा जा सके। कार्यक्रम में एसडीएम लिंगराज सिदार, मास्टर ट्रेनर टी. विजय गोपाल राव, सुशील तिवारी, आरके पांडे, तहसीलदार श्रुति धुर्वे एवं उमंग जैन उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बीएलओ को घर-घर सर्वेक्षण, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने, दस्तावेज सत्यापन तथा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अद्यतन प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। एसडीएम श्री सिदार ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की रीढ़ है, और बीएलओ इस प्रक्रिया की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक बीएलओ अपने क्षेत्र में पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। प्रशिक्षण के पश्चात बीएलओ द्वारा तहसील क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाता सूची सत्यापन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। सर्वे के दौरान नए नाम जोड़े जा रहे हैं, जबकि मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया भी जारी है।



**मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम**

सर्वे अवधि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक, प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशन 9 दिसंबर, दावे एवं आपत्तियां स्वीकार 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक, सुनवाई एवं सत्यापन 31 जनवरी 2026 तक, अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन 7 फरवरी 2026 तक है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि बीएलओ के सर्वे के दौरान सहयोग करें और यदि किसी का नाम सूची में नहीं है या कोई त्रुटि हो तो तत्काल सूचना दें, ताकि हर पात्र मतदाता को अपने लोकतांत्रिक अधिकार का अवसर मिल सके।

# मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में सड़कों का होगा कायाकल्प, 13 मार्गों पर बीटी पेच कार्य प्रगति पर

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

छग सरकार द्वारा ग्रामीण एवं शहरी संपर्क मार्गों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में लोक निर्माण विभाग, संभाग मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में सड़क विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। विभाग द्वारा कुल 13 प्रमुख मार्गों, 160.80 किलोमीटर की लंबाई में बीटी पेंच कार्य के लिए 399.18 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त की गई है।

सड़क अवसंरचना को बेहतर बनाने की इस योजना के तहत अब तक 40.30 किमी सड़क निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। वहीं शेष 120.50 किमी मार्गों पर बीटी पेंच का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। विभाग का लक्ष्य है कि सभी कार्यों को 31 दिसंबर तक समयबद्ध रूप से पूर्ण कर लिया जाए। इन मार्गों के निर्माण पूर्ण होने पर क्षेत्र के निवासियों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। साथ ही कृषि, व्यवसाय, आपातकालीन सेवाओं और पर्यटन गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने इस विकासात्मक कदम का स्वागत किया है और आशा जताई है कि सड़कें बनने से गांवों और कस्बों तक परिवहन व्यवस्था मजबूत होगी तथा आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा यह कार्य जिले के समग्र विकास और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होंगे।



## पृष्ठ 1 का शेष

### केनापारा के किसान...

कई दिनों के बारिश के कारण अधिक नमी आ गई, इससे खेतों में काटकर रखे धान के अलावा खलिहानों में जमा किए गए धान से अंकुरण होना शुरू हो गया। ऐसी स्थिति में कई किसानों को अच्छी फसल उत्पादन होने के बावजू अंतिम समय में हुई कई दिनों की बारिश ने पके धान फसल को बर्बाद कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार शहर से लगे ग्राम केनापारा निवासी दिनेश राजवाड़े के खेत एवं खलिहान में पके धान का फसलों में अंकुरण आ गया है। दिनेश राजवाडे ने बताया कि उनके खेतों में काटकर छोटे गए एवं खलिहान में लाकर रखे गए धान में बारिश की वजह से अंकुरण आ गया है। यह स्थिति केनापारा के केवल किसान की व्यस्था नहीं है, बल्कि गांव के अन्य कई किसान है, जिनके धान को बीते दिनों की बारिश ने नुकसान पहुंचाया। इस तरह की स्थिति कोरिया जिले के सभी क्षेत्रों की हैं। आंकलन कर मुआवजा देने की मांग- शहर से लगे ग्राम केनापारा के पीड़ति किसान दिनेश राजवाड़े ने फसल नुकसान का आंकलन कर मुआवजा राशि दिए जाने की मांग की। किसान ने बताया कि वे फसल बीमा भी नहीं कराए थे, किसान दिनेश राजवाड़े करीब तीन एकड़ में धान का फसल बोया था, जो शुरूआती कटाई के साथ हुई कई दिनों की बारिश से धान फसल को भारी क्षति पहुंची। पीड़ति किसान ने कहा कि अब तक उनके खेतों एवं खलिहानों में हुई क्षति का आंकलन करने जिम्मेदार विभाग के अधिकारी नहीं पहुंचे हैं।

### अग्रवाल और सिंधी ...

पाकिस्तानी शब्दों का उपयोग किया गया। इस पर समाज के लोगों ने आपत्ति जताई और आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान हरेश बजाज, घनश्याम जिज्ञासी, अनिल जिज्ञासी, ओमप्रकाश, रतन बजाज, राजेश नागवानी, सुमित नागवानी, श्रीमती मंजू जिवनानी, सुषमा, प्रिया बजाज, पद्मा, सीमा बजाज, शांति नागवानी, करश्मिा नागवानी, विशाल जिवानी, जिम्मी जिवनानी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### पूर्व मेयर बोले:....

**वापसी का प्रस्ताव अब भी लंबित-**

श्री रेड्डी ने कहा कि चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में बसे लोगों को वर्षों पुराने घरों और दुकानों का मालिकाना हक दिलाने के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि एसईसीएल द्वारा कोयला उत्खनन के बाद अनुपयोगी हो चुकी जमीनों को राजस्व विभाग को लौटाने के संबंध में राज्य शासन की सहमति एवं निर्देश पहले ही जारी हो चुके हैं। उन्होंने अपर कलेक्टर श्री सिदार को दस्तावेज सौंपकर यह भी याद दिलाया कि 3 जून 2019 को सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में, तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एसईसीएल की अनुपयोगी भूमि को छग शासन को वापस कराने का स्पष्ट निर्देश दिया था। यह कार्रवाई विवरण 19 जून 2019 के पत्र क्रमांक 1613/सविप्रा के माध्यम से कलेक्टर कोरिया को भेजा गया था, जिस पर आज तक प्रगति नहीं हो सकी है।

### प्राचीन संकटमोचक हनुमान...

और भंडारे में भाग ले रहे हैं। मंदिर समिति की ओर से दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। ग्रामवासियों और स्वयंसेवकों के सहयोग से श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन दिया जा रहा है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा ना हो। मेले में धार्मिक अनुष्ठान, भजन संध्या और कीर्तन कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है।

### स्टेशन मार्ग में...

विवश होंगे। शहरवासियों का कहना है कि प्रशासन को केवल दिखावटी सफाई नहीं, बल्कि स्थाई समाधान की दिशा में कार्य करना चाहिए। नियमित सफाई, कचरा प्रबंधन, नालियों की सफाई, सार्वजनिक स्थानों पर डस्टबिन और सख्त निगरानी जरूरी है। साथ ही नागरिकों को भी सफाई बनाए रखने में अपनी भूमिका निभानी होगी।

